# रिश्तों पर जमी बर्फ पिघली... अब बेटी-रोटी संग खुलेंगे समृद्धि के द्वार

## प्रधानमंत्री मोदी ने गयाजी में किया सिमरिया-औंटा सिक्स लेन पुल का लोकार्पण

रूपेश कुमार • जागरण

- सिमरिया में पुल के लोकार्पण के दौरान प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री भी रहे मौजूद
- सिमरिया-औंटा सिक्स लेन पुल पहुंचकर पीएम ने गमछा लहराकर किया अभिवादन
- राजेंद्र पुल के मरम्मत कार्य के कारण लगने वाले जाम से भी अब मिलेगी राहत



बेगूसराय में शुक्रवार को सिमरिया में गंगा नदी पर बने पुल के उद्घाटन के बाद भ्रमण करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी • प्रेट

**बेगूसराय :** शुक्रवार की सुबह बेगूसराय जिले के लिए विशेष महत्व रखती थी। सुबह नौ बजे से रुक-रुक कर तेज वर्षा हो रही थी, लेकिन सिमरिया पहुंचे लोग इसे शुभ संकेत मान रहे थे। उनका विश्वास था कि घने बादल छटेंगे, धूप निकलेगी और प्रधानमंत्री आएंगे। जैसे ही घड़ी की सूई दो बजे की ओर बढ़ी, अचानक काले बादल हट गए और दिन सुहाना हो गया। कुछ ही देर में एक हेलीकाप्टर आसमान में मंडराने लगा। दोपहर 2.10 बजे पुल के प्रवेश द्वार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने गमछा लहराकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुल की दोनों ओर खड़े लोगों को अभिवादन किया। इस प्रकार 1871 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सिमरिया-औंटा सिक्स लेन पुल जनता के लिए खोल दिया गया। इसकी आधारशिला प्रधानमंत्री मोदी ने 14 अक्टूबर 2017 को रखी थी।

इस पुल के चालू होने से एक बार फिर से बेटी-रोटी का संबंध जो लगभग टूट सा गया था, मजबूत होगा। पिछले कई वर्षों से इसके सामांतर बने राजेंद्र पुल की मरम्मत एवं बड़े वाहनों का परिचालन बंद होने से जिले के आधा दर्जन गांवों के कई किसानों ने मरांची, मोकामा एवं बाढ़ टाल में खेती-किसानी छोड़ दी थी। सिक्स लेन पुल के निर्माण से पटना-लखीसराय-शेखपुरा से बेगूसराय का संबंध बेहतर होगा। इससे बेटे-बेटी की शादी में तेजी आएगी और रिश्तों पर जमी बर्फ पिघल जाएगी।

राजेंद्र पुल के मरम्मत कार्य के कारण लगने वाले जाम से भी अब राहत मिलेगी। यह एशिया का इकलौता ऐसा पुल है, जिस पर तीन वाहन अप और तीन वाहन डाउन से गुजर सकते हैं। पुल की कुल लंबाई 8.150 किलोमीटर है, जिसमें गंगा नदी में 1.86 किलोमीटर पुल की लंबाई शामिल है। पुल की चौड़ाई 34 मीटर है और इसमें 16 पीलर बनाए गए हैं। सुरक्षा और सुविधा के लिए पुल पर लाइटिंग, सीसी कैमरे और स्पीड कंट्रोल कैमरे भी लगाए गए हैं। यह उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने का कार्य कर रहा है। इससे क्षेत्र में यातायात जाम की समस्या कम होने और राज्य के विकास में नई गति आने की संभावना है। यह पुल गंगा नदी तट पर पहली बार सिक्स लेन डिजाइन में बनाया गया है और एक्सपेंशन केबल पर टिका है।